
T.T.
# टी.टी.समाचार
T.T. SAMACHAR e-news
ई-पत्रिका
Vol. 1, Issue-2
1st Published in 1974
Reg. No. D(D)-407 | No. F.2 (T/215)
E.: ttsamachar@ttlimited.co.in | W.: www.ttlimited.co.in
मई 2023

**सम्पादकीय**

## आजादी बचाओं

भारत में विदेशी ब्रांड, हर तरह के उत्पादनों में (हौजरी–गारमेन्ट्स में भी) देशी ब्रांड को उड़ाने के लिए प्रतिदिन 0% ब्याज पर बड़े इन्वेस्टमेन्ट के साथ हमला बढ़ा रहे हैं। टैक्सी, होटल्स, कारें, रेस्टोरेन्ट, ढ़ाबें, रिटेल स्टोर, मोबाइल, ए.सी., रफ्रिजरेटर, हेयर कटिंग सेलून और सब कुछ में विदेशी ब्रांड फैल रहे हैं तथा देशी ब्रांड पिटते जा रहे हैं। यह इसलिए है क्योंकि हम भारतीय तो है, परन्तु हमारे दिमाग में हर कोई देशी नहीं बल्कि विदेशी सब ठीक हैं, विदेशी अच्छे होते हैं। युरोप, अमेरिका और अब तो चाइनीज भी अपने ब्रांड हिन्दुस्तान में फैला रहे हैं। इस्ट इंडिया कम्पनी और अंग्रेजों ने जिस तरह भारत को लूंटा वही अब विदेशी ब्रांड कर रहे हैं।



याद करिये महात्मा गाँधी ने विदेशी कपड़ों की होली जलाई और खादी आदि इंडियन प्रॉडक्ट्स को काम में लेने का हरएक भारतीय जनता को पाबन्द किया। देश का धन अंग्रेज और अन्य विदेशियों के द्वारा लूंटना बन्द किया तब कई दशकों के बाद अंग्रेज वापिस गये तथा भारत में स्वदेशी, स्वराज, लोकशाही संभव हुआ।

दिल्ली और इलाहाबाद विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों ने आजादी बजाओं आन्दोलन 15 वर्ष पूर्व जोर से चलाया विदेशी वस्तुयें खासकर कोका–कोला पेप्सी के खिलाफ छात्र–छात्राओं, युवकों ने HUMAN CHAIN सैकड़ों किलोमीटर बनाकर विदेशी पेय ब्रांडों को काफी हद तक उनका पीना बन्द करवाया। लोहियावादी एवं जयप्रकाश नारायण के विचारधार की सभी SSP, JD, JDS, लोक दल आदि इसके पक्ष में हैं। भाजपा का भी स्वदेशी संगठन है। RSS भी राष्ट्रवादिता के और स्वदेशी पक्ष में है।

भारत के लोगों, विदेशी ब्रांड की कोई भी चीज चाहे व टूथपेस्ट, साबुन ही क्यों न हो या बनियान–अंडरवियर भी क्यों न हो, उसे न यूज करें। विदेशी ब्रांडेड हर किसी वस्तु का प्रत्येक राष्ट्रप्रिय भारतीय बहिष्कार करें, तभी देश आगे बढ़ेगा। चीन को पीछे छोडेगा। आबादी में तो हाल ही में चीन को भारत ने पीछे छोड़ दिया। उद्योग व्यापार में भी विदेशी ब्रांड को भगाने के लिए या कम से कम उनकी फैलावट भारत में कम करने के लिए सब देशी ब्रांड एक जुट हो और होल सेलर– रिटेलर उनका (विदेशी ब्रांड) का बहिष्कार करें। एकता देशी ब्रांड को बढ़ायेगी। यह तो DO OR DIE काम है। प्रत्येक भारतीय उत्पादक, प्रत्येक व्यापारी, प्रत्येक भारतीय ग्राहक को सिर्फ और सिर्फ देशी ब्रांड को ही आगे बढ़ाना है। देशी अपनाओं विदेशी भगाओं। ब्रांडों से आजादी।

हम ले के रहेंगे आजादी, विदेशी ब्रांड़ से स्वाधीन भारत में क्या काम? विदेशी ब्रांडों द्वारा भारत को पराधीन नहीं बनाने दे। आइये, हम सब मिलकर आजादी बचायें।



**महात्मा गाँधी जी की जय**

To translate **T.T. Samachar** in any language please click GOOGLE.

T.T.
ई-कैटलॉग के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें
नई रेंज
T.T. PRINTS
T.T. JERSEY

# Deal in trendy variety clothing and mint gold




























*Available All Leading* STORE & ONLINE : bazaar Family Fashion Store, amazon, Flipkart, snapdeal, JioMart, meesho, Myntra, Reliance digital, LIMEROAD

**For Dealers : 98991 70717**

## फेसबुक कम्पनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग अपनी बेटियों के लिए थ्री डी प्रिंटेड ड्रेस बनाई

मार्क जुकरबर्ग ने सिलाई सीखी है और पिछले महीने से 3डी प्रिंटेड ड्रेस डिजाइन करना शुरू किया है। हाल ही में, टेक टाइकून ने अपनी बेटियों की उनके द्वारा बनाई गई 3डी–प्रिंटेड ड्रेसेस पहने हुए कई तस्वीरें लीं। अपने नए प्रोजेक्ट की तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ''मुझे बिल्डिंग थिंग्स से प्यार है और हाल ही में लड़कियों के साथ डिजाइनिंग और 3डी–प्रिंटिंग ड्रेसेस की शुरुआत की है। पिछले महीने के कुछ प्रोजेक्ट्स...(और हां, मुझे सिलाई सीखनी थी) (sic)'' 3डी–प्रिंटिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जो वस्तुओं को परत–दर–परत बनाने के लिए कंप्यूटर–एडेड डिजाइन (CAD) का उपयोग करती है।



**मार्क जुकरबर्ग का दावा है कि उन्होंने अपनी बेटियों के लिए 3डी ड्रेस बनाने के लिए उन्होंने खुद सिलाई सीखी।**

## कपड़ा उद्योग की परेशानियों को दूर करने के लिए हस्तक्षेप करें मंत्री

### - तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने केन्द्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल को लिखा पत्र

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि वे अधिकारियों को विस्कोज और पॉलिएस्टर फाइबर आयात करने के लिए क्यूसीओ पर जोर देने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें। उन्होंने कहा कि बीआईएस क्यूसीओ का पालन करने के लिए बीआईएस प्रमाणन की मांग करने वाले आयातकों की ओर से दायर सभी लंबित आवेदनों का निपटान करे।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के अनुपालन के संबंध में कपड़ा उद्योग के सामने आने वाले मुद्दों को रेखांकित करते हुए केंद्रीय कपड़ा मंत्री को पत्र लिखा है। तमिलनाडु के सीएम ने शनिवार को कपड़ा उद्योग के हितों की रक्षा के लिए केंद्रीय मंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की है। गोयल को लिखे पत्र में स्टालिन ने कपड़ा उद्योग के उन प्रतिवेदनों का जिक्र किया जिनमें विभिन्न प्रकार के मानव निर्मित फाइबर और विस्कोस फाइबर के संबंध में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा विभिन्न गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) के माध्यम से अनिवार्य प्रमाणन पर आपत्ति जताई गई है।

## विकास के लिए हर चीज देश में बनाये - नितिन गडकरी



भारत के संडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने संसद टी.वी. पर अपने भाषण में कि केवल रोड और ब्रिड्जस बनाने से विकास नहीं होता। आप लोग आइसक्रीम खाते हो तो आइसक्रीम खाने का जो चम्मच है वो भी चाइना से इम्पोर्ट हो रहा था। मैंने मजाक में कहा कि हमारे देश में चम्मचों की भी कमी है। उन्होंने यह भी कहां कि मैं पूछता हूँ कि खादी डेनिम को क्यों यूज नहीं करते हो। उन्होंने अपनी घड़ी दिखाते हुए कहाँ कि मैनें यह घड़ी पहनी हुई है, हमारा विजिन इतना कमजोर है कि यह टाइटन ने बनाई है इसका बेल्ट खादी का है, इसका डायल खादी का है यह इतना सुन्दर है कि लेडीज और जेन्ट्स भी है। उन्होंने आगे यह भी कहां कि अमेरिकन कम्पनी Levis हमारा पूरा खादी डेनिम का कपड़ा खरीद रही है और वो उनका ब्रांडिंग होकर हमारे लोग 3 से 4 हजार में खरीदते हैं तथा हमारे यहां सिलाई करके वो 500 से 700 रुपये में मिलेगा। उसको कीमत नहीं मिलती।

## राहुल गांधी ने सत्ता में आने पर बेल्लारी (कर्नाटक) में गारमेन्ट्स पार्क स्थापित करने का वादा किया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बेल्लारी में गारमेन्ट्स पार्क स्थापित करने का उनका खुद का वादा था न कि कांग्रेस का। उन्होंने यह भी कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि जिला दुनिया में नंबर एक जींस हब बने।

राहुल गाँधी ने कहा ''बेल्लारी को जींस की राजधानी बनाने का यह मेरा वादा है। मैं वह दिन देखना चाहता हूं जब कोई भी जींस पहनेगा उस पर बल्लारी लिखा होगा।''


bas, ab to TT hi
T.T.
INNER WEAR
OUTER WEAR
625 styles
selling T.T. products
in 65+ countries
Since 1964
VEST
RN & RNS
White & Dyed
Trunk & Brief
Plain & Printed
Gym vest
Plain & Designer
Boxer Short
Printed
Muscle Tee
Designer
T-Shirt
RN & VN
Plain & Printed
T-Shirt
RN & Full Sleeve
Striper T-Shirts
with Pocket
Polo T-Shirt
Plain with Pocket
Track Pant
Plain & Design
Sweat Shirt
Plain & Printed
Winter Wear
Men's, Ladies & Kids
All Types
Camisole
Short & Long
White & Dyed
Spandex Spagetti
Racer Back Vest
Tank Top
Rib Spaghetti
Dyed
Bra & Panties
All Types
Ladies T-Shirt
Plain & Printed
Ladies Tunic
Printed
Ladies Gown
Printed
Ladies Pyajama
Track Pant
Capri / Shorts
Plain & Printed
Ladies
Sweat Shirt
Plain & Printed
Boys & Girls
Inner Wear
All Types
Boys & Girls
T-Shirt, Capri
& Loungers
Boys & Girls
Winter Wear
All Types
Boys & Girls
Sweat Shirt
Printed
T.T.
T.T. Limited
DELHI
Ph.: 011-45060708 | Mob.: +91 99902 57074
E-mail : newdelhi@ttlimited.co.in
KOLKATA (W.B.)
Ph.: 033-22355466 | Mob.: +91 93312 94368
E-mail : kolkata@ttlimited.co.in
GAJROULA (U.P.)
Mob.: +91 98991 70717
E-mail : gajroula@ttlimited.co.in
TIRUPUR (Tamilnadu)
Mob.: +91 93630 03152
E-mail : shankar@ttlimited.co.in
SURAT (Gujarat)
Mob.: +91 73396 06135
E-mail : rpkushwaha@ttlimited.co.in
Scan to read
Website : www.ttlimited.co.in
Shop Online : www.ttbazaar.com
Follow us on
Scan to read

# भारतीय गारमेन्ट बाजार 2022-2023 में 15 प्रतिशत बढ़ा

2022 से 2023 के वर्षों में, भारत के गारमेन्ट बाजार में 15 प्रतिशत का विस्तार हुआ। इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, बिक्री वृद्धि के बजाय मूल्य वृद्धि ने गारमेन्ट क्षेत्र की वृद्धि को गति दी। क्लॉथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (CMAI) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बिक्री में वास्तव में 3 प्रतिशत की कमी आई है।

बिक्री में वृद्धि पूर्व–महामारी के स्तर से ऊपर है, लेकिन यह वृद्धि पिछले साल दीवाली के दौरान ही आई थी। सीएमएआई के चीफ मेंटर राहुल मेहता ने रिपोर्ट में कहा, श्लॉकडाउन के बाद उपभोक्ताओं के मॉल और स्टोर पर जाने के बाद बिक्री में तेजी आई थी, लेकिन अब यह सामान्य हो गया है। हम बड़ी ब्रांडेड और संगठित श्रृंखलाओं को मूल्य वृद्धि के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखते हैं, लेकिन छोटे शहरों में मल्टी–ब्रांड आउटलेट्स से संचालित होने वाले छोटे खुदरा विक्रेताओं और गारमेन्ट्स निर्माताओं का एक बड़ा हिस्सा मुद्रास्फीति के कारण दबाव महसूस कर रहा है।




गारमेन्ट बाजार ऐतिहासिक रूप से सालाना 10 से 12 प्रतिशत के बीच बढ़ा है, हालांकि यह वृद्धि ज्यादातर उच्च बिक्री से प्रेरित थी।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो वर्षों में कपास की लागत में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और अधिकांश उत्पादकों ने कीमतों में 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से कंज्यूमर डिमांड घटी है। यह असंगठित छोटे शहरों की फर्मों के लिए विशेष रूप से सच है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्राहकों की इच्छा में काफी बदलाव आया है, उपभोक्ता अब ब्रांडेड उत्पादों को पसंद कर रहे हैं, जो उद्योग के विकास के बारे में विस्तार से बताते हैं। पांच साल पहले, ब्रांडेड गारमेन्ट्स श्रेणी का बाजार में केवल 25 प्रतिशत हिस्सा थाय आज, यह 30 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है।

रिपोर्ट में रिलायंस रिटेल के मुख्य वित्तीय अधिकारी दिनेश तलुजा के हवाले से कहा गया है, ''फैशन और लाइफस्टाइल बिजनेस काफी तेजी से बढ़ रहा है। हम अपने औसत बिल मूल्यों और रूपांतरण दरों में सुधार करना जारी रखते हैं क्योंकि इस स्थान पर हमारा मूल्य–मूल्य प्रस्ताव बहुत मजबूत है, जैसा कि आप जानते हैं, हमारे ऑफलाइन व्यवसाय में हमारे अपने ब्रांडों का हिस्सा है।''


# सस्टेनेबल फैशन और लाइफस्टाइल प्रदर्शनी मुंबई में टिकाऊ उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए पूरी तरह तैयार

ट्रेड इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, फैशनिस्ता फैशन प्रदर्शनी 8 से 9 जून तक मुंबई में एक सतत फैशन और जीवन शैली प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए तैयार है।

प्रदर्शनी वर्ली, मुंबई में नेहरू सेंटर में होगी और समझदार दर्शकों के लिए पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का प्रदर्शन करेगी। यह आयोजन फैशन, सौंदर्य और जीवन शैली उद्योगों में स्थायी निर्माण प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान देने के साथ प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त जैविक और टिकाऊ उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।


प्रदर्शनी आगंतुकों को नए ब्रांडों की खोज करने और स्थिरता के बारे में अधिक जानने का अवसर प्रदान करेगी, जबकि ब्रांडों के पास अपनी उत्पादन प्रक्रिया को जनता के सामने प्रदर्शित करने का अवसर होगा। उम्मीद है कि इस कार्यक्रम में सहस्राब्दी प्रीमियम खरीदार भीड़ आकर्षित होगी और इसमें हथकरघा कपड़े, व्यक्तिगत देखभाल के सामान, सहायक उपकरण और सौंदर्य उत्पाद जैसी उत्पाद श्रेणियां शामिल होंगी।





**सौशल मीडिया का**
**नन्हा सुपर स्टार**
**हिमांक मिश्रा**
YouTube or Instagram
@himankmishra

टी.टी. कम्पनी में कार्यरत् श्री संजय मिश्रा के भतीजे हिमांक मिश्रा सौशल मीडिया पर काफी प्रसिद्ध है। इनके Followers 1.1 million से ऊपर है। यह हरियाणवी और भोजपुरी गानों पर एक्टिंग भी कर रहे हैं तथा FACEBOOK, INSTAGRAM, YOUTUBE, TIKTOK पर VIDEO REELS भी बनाते हैं।







# सेहत संबंधित जानकारियां जिसका ज्ञान सबको होना चाहिए

1. **योग,भोग और रोग** ये तीन संबंधित अवस्थाएं है।
2. **लकवा** – सोडियम की कमी के कारण होता है।
3. **हाई वी पी** में – स्नान व सोने से पूर्व एक गिलास जल का सेवन करें तथा स्नान करते समय थोड़ा सा नमक पानी मे डालकर स्नान करें।
4. **लो बी पी** – सेंधा नमक डालकर पानी पीयें।
5. **कूबड़ निकलना** – फास्फोरस की कमी।
6. **खांसी** – फास्फोरस की कमी से खांसी बिगड़ता है, फास्फोरस की पूर्ति हेतु आर्सेनिक की उपस्थिति जरुरी है। गुड व शहद खाएं।
7. **दमा, अस्थमा** – सल्फर की कमी।
8. **सिजेरियन आपरेशन** – आयरन , कैल्शियम की कमी।
9. **सभी क्षारीय वस्तुएं दिन डूबने के बाद खायें।**
10. **अम्लीय वस्तुएं व फल दिन डूबने से पहले खायें।**
11. **जम्भाई** – शरीर में आक्सीजन की कमी।
12. **जुकाम** – जो प्रातः काल जूस पीते हैं वो उस में काला नमक व अदरक डालकर पियें।
13. **ताम्बे का पानी** – प्रातः खड़े होकर नंगे पाँव पानी ना पियें।
14. **किडनी** – भूलकर भी खड़े होकर गिलास का पानी ना पिये।
15. **गिलास** एक रेखीय होता है तथा इसका सर्फेसटेन्स अधिक होता है। गिलास अंग्रेजो ( पुर्तगाल) की सभ्यता से आयी है अतः लोटे का पानी पियें, लोटे का कम सर्फेसटेन्स होता है।
16. **अस्थमा, मधुमेह, कैंसर** से गहरे रंग की वनस्पतियाँ बचाती हैं।
17. **वास्तु** के अनुसार जिस घर में जितना खुला स्थान होगा उस घर के लोगों का दिमाग व हृदय भी उतना ही खुला होगा।
18. **परम्परायें** वहीं विकसित होगीं जहाँ जलवायु के अनुसार व्यवस्थायें विकसित होगीं।
19. **पथरी** – अर्जुन की छाल से पथरी की समस्यायें ना के बराबर है।
20. **नल** का पानी कभी ना पियें यह गुणवत्ता को स्थिर नहीं रखता। कुएँ का पानी पियें। बारिस का पानी सबसे अच्छा , पानी की सफाई के लिए सहिजन की फली सबसे बेहतर है।

# स्वागतम



परम पूज्य जैन आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज अन्य तीन संतों के साथ टी.टी. मिल अविनाशी पहुंचे। उनके साथ सात साध्वी जी और तीन संत भी थे। ढेर सारी दुआओं के साथ यह एक महान यात्रा थी। रास्ते में सभी संतों का हाईवे पर आगे बढ़ने से पहले रुकने और आराम करने के लिए टी.टी. चेयरमैन श्री रिखब चन्द जैन द्वारा स्वागत किया गया।



रविवार, 26 मार्च 2023 को कलकत्ता में पारसमल कांकरिया सभागार में विचार मंच के सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान टी.टी. लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय जैन एवम् ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती ज्योति जैन ''पंडित भवदीप जयपुरवाले (मुम्बई)'' को ''रविन्द्र जैन संगीत सम्मान'' से सम्मानित करते हुए।

The Only National Textile Daily
Tecoya Trend
VOL. LIII No. 82 MUMBAI, THURSDAY, MAY 11, 2023 PRICE: Rs. 5.00

## Men at the helm of ICC's Textiles Expert Committee

**MUMBAI, MAY 10—**

The newly appointed members who took over the role in leadership of Indian Chamber of Commerce (ICC) National Expert Committee for Textiles are:



Mr. Sanjay Jain, the Managing Director of TT Limited, Chairman of the ICC National Expert Committee on Textiles. He is recognized for his indomitable spirit of entrepreneurship, vision and leadership. He has been one of the key persons working for the last decade in Policy Matters.



टी.टी. कंपनी के डायरेक्टर फाइनेंस श्री सुनील महनोत जी के ज्येष्ठ सुपुत्र रिषब महनोत (एम.बी.ए., इंजीनियर) की सगाई निकिता बैद (सी.ए.) के साथ दिनाँक 2 अप्रैल 2023 को दिल्ली में हुई।



टी.टी. लिमिटेड के वाईस प्रेजिडेंट (गारमेन्ट्स) श्री मंनोज टंडन की सुपुत्री मल्लिका टंडन ने M.B.B.S. की डिग्री ली और डॉक्टर बनी।

**आपके समाचार हम छापेगें।**

सभी पाठकों से, व्यापारियों से और सभी तरह के टी.टी. परिवार और टी.टी. ब्रांड से जुड़े हुए लोगों से निवेदन है कि वह अपने व्यक्तिगत, अपने परिवार और अपने व्यापार के समाचार भेजें। बाजार के हालात के बारे में अपने सुझाव, टी.टी. ब्रांड को आगे बढ़ाने के बारे में नई क्वालिटी, नई रेंज के बारे में, ग्राहकों के विचार हर तरह के आप निःसंकोच भेजे। आप फोटोग्राफ, बच्चों की पेंटिंग, छोटी कविता या सदविचार हर तरह के समाचार जो हमारे पाठक पढ़ने में इच्छुक हो ऐसे अवश्य भेजे।

**आप समाचार इस ई–मेल ttsamachar@ttlimited.co.in या 9540454581 व्हाट्सप्प पर भेजे।**















टी.टी. समाचार (टी.टी. लिमिटेड) - 879, मास्टर पृथ्वीनाथ मार्ग, करोल बाग, नई दिल्ली - 110 005, दूरभाष 1800 1035 681, ई-मेल : newdelhi@ttlimited.co.in, वेबसाइट : www@ttlimited.co.in